मुंबई, मंगलवार, 11 अगस्त, 2026

मूल्य : 0.00/- । कुल पृष्ठ 04

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com
+91-95945-42679
Digital Edition

वर्ष 12 । अंक 277

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया ™

न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg. No. MH180326353

महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत

**अनमोल वचन**

मुश्किलें रास्ता रोकने नहीं, आपकी हिम्मत और मेहनत को परखने आती हैं।

PADMAVAT MEDIA
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

# हर घर तिरंगा अभियान के शुभारंभ पर सलूंबर में निकली भव्य तिरंगा रैली

## 500 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा, राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा शहर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com











**सलूंबर।** हर घर तिरंगा अभियान के शुभारंभ के अवसर पर सलूंबर शहर में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा रैली का शुभारंभ जिला कलेक्टर मोहम्मद जुनैद पीपी, सलूंबर विधायक शांता अमृतलाल मीणा और भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर के खेल मैदान से रवाना होकर चुंगी नाका, बस स्टैंड सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी मूर्ति, गांधी चौक पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।

**500 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा**

रैली में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सहित नगर के विभिन्न विद्यालयों के करीब 500 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर अनुशासित और पंक्तिबद्ध तरीके से आगे बढ़े। उनके साथ शिक्षक और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल रहे।

रैली के दौरान पूरा शहर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। विद्यार्थियों के देशभक्ति नारों, राष्ट्रभक्ति गीतों और वंदे मातरम् के जयघोष से वातावरण देशप्रेम से सराबोर हो गया। मार्ग में नागरिकों ने भी रैली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

**हर घर तिरंगा का दिया जनजागरण संदेश**

रैली का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना तथा हर घर तिरंगा अभियान के प्रति व्यापक जनजागरण करना रहा। रैली के माध्यम से आमजन को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने और अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

**हर घर तिरंगा को बनाएं जन आंदोलन**

गांधी चौक पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने आमजन से अभियान से जुड़कर इसे जन आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से अपने घर पर तिरंगा फहराने और सेल्फी विद तिरंगा अभियान में भी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

**तिरंगा देश की आन-बान और शान**

सलूंबर विधायक शांता अमृतलाल मीणा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा देश की एकता, अखंडता, स्वतंत्रता और गौरव की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान और नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने सलूंबरवासियों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

**कलेक्टर ने दिलाई तिरंगा शपथ**

कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला कलेक्टर मोहम्मद जुनैद पीपी ने उपस्थित प्रतिभागियों को तिरंगा शपथ दिलाई। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, देश की एकता और अखंडता बनाए रखने तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प दिलाया। समाज कल्याण अधिकारी ममता जाखड़ ने उपस्थित जनसमूह को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं और आमजन से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष प्रभुलाल जैन, जिला उपाध्यक्ष, नगर एवं जिला स्तर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कार्मिकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## खबर संक्षिप्त

### माउंट आबू में 28-29 नवंबर को होगा दो दिवसीय बर्ड फेस्टिवल



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** माउंट आबू में 28 एवं 29 नवंबर को वन विभाग, ग्रीन पीपल सोसाइटी और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय बर्ड फेस्टिवल आयोजित होगा। इसमें प्रदेशभर के करीब 250 विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। फेस्टिवल में पक्षी पहचान, चित्रकला, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताएं होंगी। एनसीसी और स्काउटिंग के विद्यार्थियों को भी जोड़ा जाएगा। चयनित विद्यालयों के शिक्षकों के लिए पक्षी पहचान एवं संरक्षण पर विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएगी। ग्रीन पीपल सोसाइटी की बैठक में आयोजन की तैयारियों पर चर्चा कर इसे विद्यार्थियों में पक्षी एवं जैव विविधता संरक्षण के प्रति जागरूकता का माध्यम बनाने पर जोर दिया गया।

### विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी रैली का भव्य स्वागत



**प्रतापगढ़@पदमावत मीडिया।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर अक्षयपुरा में लबाना समाज की ओर से रविवार को आदिवासी रैली का भव्य स्वागत किया गया। समाजजनों ने जेसीबी से पुष्पमालाओं के माध्यम से रैली में शामिल लोगों का स्वागत कर आदिवासी संस्कृति और एकता का संदेश दिया। इस दौरान पिंकेश लबाना, सीताराम लबाना, हरिश, पंकज, गणेश, लक्ष्मण, गोविन्द लबाना सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

### अवैध पिस्टल व दो जिंदा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बालोतरा@पदमावत मीडिया।** पुलिस थाना पचपदरा ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक अवैध पिस्टल एवं दो जिंदा कारतूस बरामद कर चंपालाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 9 अगस्त को सरहद गोल स्टेशन, मुकनाणियों की ढाणी में संदिग्ध व्यक्ति की सूचना पर टीम ने दबिश दी। तलाशी में आरोपी के कब्जे से पिस्टल व कारतूस बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर हथियार की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपीः चंपालाल पुत्र जीयाराम, उम्र 53 वर्ष, निवासी रोली, थाना गुड़ामालानी, जिला बालोतरा।

### गवरी मंचन के लिए आवेदन 13 अगस्त तक

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से जनजाति कला-संस्कृति के संरक्षण के लिए इस वर्ष भी गवरी नृत्य-नाटिका का मंचन किया जाएगा। इसके लिए अनुभवी कलाकार दलों के मुखियाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। टीआरआई निदेशक ओपी जैन ने बताया कि इस वर्ष उदयपुर के साथ खैरवाड़ा, डूंगरपुर, ऋषभदेव और राजसमंद में गवरी मंचन प्रस्तावित है। इच्छुक कलाकार दलों के मुखिया 13 अगस्त को सुबह 11 बजे तक सादे कागज पर आवेदन संस्थान के निदेशक अथवा कार्यक्रम अधिकारी तनेराज सिंह सौढ़ा को प्रस्तुत कर सकते हैं।

### राज्यपाल ने राज राजेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने श्रावण के सोमवार को लोकभवन स्थित राज राजेश्वर मंदिर में भगवान शिव का अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद राज्यपाल लोकभवन के निकट पार्क पहुंचे और लोगों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उन्हें मन लगाकर पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने पार्क में वृक्षारोपण कर पेड़ लगाने और उनके संरक्षण का संदेश भी दिया।

### सलूंबर में हरियाली अमावस्या और गणेश चतुर्थी पर अवकाश

**सलूंबर@पदमावत मीडिया।** जिला कलक्टर ने वर्ष 2026 के लिए जिले में दो स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। आदेश के अनुसार 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या और 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर स्थानीय अवकाश रहेगा। संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

## केजीबीवी संस्था प्रधानों की बैठक में बालिकाओं की सुरक्षा और शिक्षण पर जोर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** एडीपीसी कार्यालय के पीएम श्री सभागार में सोमवार को उदयपुर एवं सलूंबर जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों की बैठक हुई। इसमें विद्यालय संचालन, बालिकाओं की सुरक्षा, भवन मरम्मत एवं प्रभावी शिक्षण को लेकर चर्चा की गई। बैठक में प्लेसमेंट कार्मिकों के मानदेय भुगतान की समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। संस्था प्रधानों ने जर्जर भवनों की मरम्मत, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, अतिरिक्त वार्डन की नियुक्ति एवं शिक्षण व्यवस्था से जुड़े सुझाव दिए। अधिकारियों ने कहा कि आवासीय विद्यालयों में बालिकाओं की सुरक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में दोनों जिलों के 5 नोडल प्रिंसिपल सहित 21 संस्था प्रधानों ने भाग लिया।

## स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायकों पर प्रदर्शनी शुरू



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** भारत सरकार की 'हर घर तिरंगा' पहल के तहत पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से चेटक सर्कल स्थित सूचना केन्द्र में स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायकों पर आधारित प्रदर्शनी शुरू की गई। केन्द्र निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने सोमवार को इसका शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में स्वतंत्रता आंदोलन के वीर नायकों के संघर्ष, त्याग और राष्ट्र के प्रति योगदान को प्रदर्शित किया गया है। इसका उद्देश्य युवाओं को स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और देशभक्ति की भावना से परिचित कराना है। प्रदर्शनी 17 अगस्त तक आमजन के लिए खुली रहेगी। कार्यक्रम में पवन अमरावत, हेमंत मेहता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अरावली संरक्षण के लिए स्पष्ट और समान नीति जरूरी : विश्वराज सिंह मेवाड़

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** अरावली पर्वतमाला के संरक्षण, पर्यावरण, पारिस्थितिकी एवं खनन से जुड़े विषयों पर सर्वोच्च न्यायालय की ओर से गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक में नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने अरावली संरक्षण के लिए स्पष्ट एवं प्रभावी नीति की आवश्यकता पर जोर दिया।

मेवाड़ ने कहा कि अरावली प्राकृतिक पर्वत श्रृंखला है और इसके संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने व्यावसायिक गतिविधि और व्यावसायिक दोहन के बीच स्पष्ट अंतर तय करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि नियमानुसार व्यावसायिक उपयोग की अनुमति का अर्थ प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन की अनुमति नहीं होना चाहिए।

उन्होंने उदयपुर-राजसमंद मार्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों में पहाड़ियों की कटाई और अनियंत्रित निर्माण को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पर्यावरण संरक्षण की समान नीति लागू करने की आवश्यकता जताई।

विधायक ने माछला मगरा क्षेत्र में निर्माण गतिविधियों तथा उदयपुर को वेटलैंड घोषित किए जाने के बावजूद प्रभावी क्रियान्वयन का मुद्दा भी उठाया। बैठक में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड से जुड़े प्रदूषण एवं पर्यावरणीय प्रभावों का विषय भी सामने आया, जिस पर मेवाड़ ने समिति से गंभीरता से संज्ञान लेकर तथ्यों का समुचित परीक्षण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विकास और रोजगार जरूरी हैं, लेकिन पर्यावरण की कीमत पर नहीं। अरावली राजस्थान के जल संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन और जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण प्राकृतिक सुरक्षा कवच है, इसलिए विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन कायम रखना आवश्यक है।

**गुप्त वृंदावन धाम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया राधा-कृष्ण शिला का पूजन**

## सनातन संस्कार-संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन का बनेगा प्रमुख केंद्र, सकारात्मक जीवन और मानव कल्याण के मार्ग पर बढ़ें : मुख्यमंत्री

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को जयपुर के जगतपुरा स्थित गुप्त वृंदावन धाम में राधा-कृष्ण शिला का विधिवत पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह मंदिर भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना के साथ ही सनातन संस्कार, शास्त्र और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का केंद्र बनकर उभरेगा। मुख्यमंत्री ने भगवान कृष्ण और भगवान शिव के ब्रज आगमन से जुड़े पौराणिक प्रसंग को साझा करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति भक्ति, सेवा एवं करुणा के साथ सकारात्मक जीवन जीने तथा मानव कल्याण का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि हम सभी को इसी मार्ग पर अग्रसर होते हुए समाज और राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मंदिर परिसर का अवलोकन किया तथा गुप्त वृंदावन धाम द्वारा किए जा रहे धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक केंद्र भारतीय संस्कारों और संस्कृति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विधायक कैलाश वर्मा, गुप्त वृंदावन धाम के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# बसंत के आने से प्रकृति बदल जाती है, संत के आने से संस्कृति बदल जाती है : आर्यिका सुभूषणमति माताजी

## अडिंदा पार्श्वनाथ में चातुर्मास मंगल कलशों की स्थापना

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com






**उदयपुर।** अतिशय क्षेत्र अडिंदा पार्श्वनाथ तीर्थ में आचार्य अभिनंदन सागरजी महाराज की शिष्या गणिनी आर्यिका सुभूषणमति माताजी का 42वां चातुर्मास वर्षायोग मंगल कलश स्थापना समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। आर्यिका अंशभारती माताजी, आर्यिका दक्षभारती माताजी और आर्यिका आर्षभारती माताजी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रवक्ता अनिल स्वर्णकार ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण, मंगलाचरण, चित्र अनावरण और दीप प्रज्वलन सहित विभिन्न मांगलिक क्रियाओं के साथ हुआ। बोलियों के माध्यम से चयन के बाद प्रथम मंगल कलश स्थापित करने का सौभाग्य श्री दिगंबर जैन ग्लोबल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमनालाल लक्ष्मीदेवी हपावत परिवार, मुंबई को प्राप्त हुआ। द्वितीय कलश जयकुमार कारवां उदयपुर और तृतीय कलश अडिंदा ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष सुरेश हिंसावत परिवार ने स्थापित किया। इसके अलावा अशोक कुमार गांधी सलूंबर, कालूलाल चित्तौड़ा उदयपुर, रतनदेवी शांतिलाल चिबोड़िया, लीलावती देवी, राजू भाई और अजीत मानावत परिवार ने भी मंगल कलश स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त किया। प्रतिष्ठाचार्य पंडित विमलकुमार बनेड़ा जयपुर और पंडित नितीनजी कैलाश गुणावत सलूंबर ने मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक कलश स्थापना संपन्न करवाई।

**अतिशय क्षेत्र में चातुर्मास का विशेष महत्व**

धर्मसभा को संबोधित करते हुए गणिनी आर्यिका सुभूषणमति माताजी ने कहा कि चातुर्मास स्थापना की मांगलिक क्रियाएं चतुर्दशी के दिन ही संपन्न हो गई थीं, लेकिन मंगल कलश स्थापना का आयोजन अनुकूल अवसर के चलते समारोहपूर्वक किया गया। उन्होंने कहा कि गांव और शहरों की अपेक्षा अतिशय क्षेत्रों में होने वाले चातुर्मास का विशेष महत्व होता है। आर्यिका माताजी ने कहा कि बसंत के आने से प्रकृति बदल जाती है, संत के आने से संस्कृति बदल जाती है। संतों का सानिध्य समाज में धर्म, संस्कार और सकारात्मक चेतना का संचार करता है। समारोह के दौरान गुरु भक्तों ने आर्यिका माताजी का पाद प्रक्षालन कर जिनवाणी भेंट की। कार्यक्रम में अडिंदा ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेश हिसावत, कमल सागोटिया, प्रवीण राज सांगावत, भगवती लाल टाया, महावीर प्रसाद कुणावत, अजीत मानावत, महावीर कारवां, सुरेंद्र वजूआवत, शांतिलाल भदावत, मनीष चित्तौड़ा, अनिल अखावत, लक्ष्मीलाल बंबोरिया और कैलाश सिंघवी सहित उदयपुर की विभिन्न कॉलोनियों से श्रद्धालु मौजूद रहे। मुंबई, अहमदाबाद, ईडर और सलूंबर सहित मेवल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं कार्यक्रम में पहुंचे। श्रद्धालुओं की मौजूदगी से तीर्थ परिसर में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा। श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर गणेश नगर पहाड़ा उदयपुर और गींगला जैन समाज के श्रावकगणों ने श्रीफल भेंटकर वर्ष 2027 में अपने-अपने क्षेत्रों में चातुर्मास करने का निवेदन किया।

## खबर संक्षिप्त

### डिप्लोमा इंजीनियरिंग में रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश जारी

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, उदयपुर एवं वल्लभनगर में सत्र 2026-27 के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थी मूल दस्तावेजों के साथ सुबह 10 बजे महाविद्यालय पहुंचकर प्रवेश ले सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 14 अगस्त तक चलेगी। सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं रिन्यूबल एनर्जी शाखाओं में प्रवेश उपलब्ध है।

### हिरण मगरी उपडाकघर में आधार सेवाएं सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** हिरण मगरी उपडाकघर में आधार नामांकन एवं अद्यतन की सुविधा सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक उपलब्ध है। डाक विभाग के अनुसार नागरिक आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय में पहुंचकर सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

### फॉलोअप ग्रामीण सेवा शिविर आज

**प्रतापगढ़@पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में फॉलोअप शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 अगस्त को प्रतापगढ़ की बसेरा, धमोत्तर की खेड़ानारसिंह माता, पीपलखूंट की पीपल्दा, सुहागपुरा की छरी, अरनोद की प्रतापपुरा, दलोट की कुम्हारियों का पठार, छोटीसादड़ी की गागरोल व केसुन्दा तथा धरियावद की पहाड़ा व चरी ग्राम पंचायतों में शिविर लगेंगे। इन शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाएगा। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से निर्धारित तिथियों पर शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

### अरावली संरक्षण के लिए जनजाति समाज से व्यापक चर्चा जरूरी : वनवासी कल्याण आश्रम

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद ने अरावली संरक्षण को लेकर विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा कर जनजाति समाज से व्यापक परामर्श की मांग की। परिषद ने अरावली को परिभाषित करने के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति का कार्यकाल दो माह बढ़ाने की मांग की है। प्रदेश महामंत्री वीरेन्द्र प्रकाश पंचोली ने बताया कि वर्तमान में उपलब्ध 20 दिन का समय सभी हितधारकों से सार्थक चर्चा के लिए पर्याप्त नहीं है। परिषद ने राजस्थान एवं गुजरात के अरावली क्षेत्र में रहने वाले जनजाति समुदाय, जनजाति जनप्रतिनिधियों तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से परामर्श की मांग की।
उन्होंने बताया कि समिति के क्षेत्रीय दौरों का हिंदी एवं गुजराती में पंचायत स्तर तक प्रचार करने तथा सुझाव एवं आपत्तियां वेबसाइट के साथ डाक से भी स्वीकार करने की मांग की गई है। बैठक में इन मांगों को सरकार के समक्ष भेजने का प्रस्ताव पारित किया गया। पंचोली ने कहा कि अरावली के विकास की कार्ययोजना जनजाति समाज से व्यापक चर्चा के बिना तैयार नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि समाज लंबे समय से अरावली संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।

### भँवर सेमला बाँध का जलस्तर 12 मीटर पहुंचा, खुल सकते हैं गेटः डाउन स्ट्रीम इलाकों में अलर्ट जारी

**प्रतापगढ़@पदमावत मीडिया।** लगातार हो रही अधिक बारिश के कारण भँवर सेमला बाँध का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। आज दिनांक 10 अगस्त 2026 को दोपहर 2:00 बजे तक बाँध का जलस्तर 12.00 मीटर तक पहुँच चुका है, जबकि इस बाँध का कुल गेज 14.70 मीटर है। बाँध के जल ग्रहण क्षेत्र में पानी की लगातार आवक बनी हुई है, जिसके चलते किसी भी समय बाँध के गेट खोले जा सकते हैं।
आम जनता के लिए चेतावनी और निर्देशः (पीपलखुंट हाई लेवल केनाल परियोजना खण्ड, द्वितीय प्रतापगढ़) के अधिशाषी अभियन्ता दीपक कुमार जैन द्वारा आम जनता के लिए एक आवश्यक सूचना और अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि भँवर सेमला बाँध के नीचे (डाउन स्ट्रीम) एराव नदी के बहाव क्षेत्र या उसके आस-पास किसी भी प्रकार की गतिविधि न करें। नदी के बहाव क्षेत्र से तुरंत दूर हटकर किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाएं ताकि जान-माल की कोई हानि न हो।

### गांव-गांव गूंजा देशभक्ति का संदेश, तिरंगा रैलियों में उमड़ा उत्साह




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले के विभिन्न ब्लॉक एवं ग्राम पंचायतों में तिरंगा रैलियां और देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें महिलाओं, युवाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। जिला परिषद सीईओ विरमा राम ने बताया कि कई ग्राम पंचायतों में महिलाओं ने तिरंगा लेकर रैलियां निकालीं और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया। भिंडर के सालेड़ा में विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली निकालकर ग्रामीणों को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। ऋषभदेव के बरना में युवाओं एवं ग्रामीणों ने स्कूटी रैली निकालकर राष्ट्रध्वज के सम्मान और हर घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। विभिन्न आयोजनों में देश की एकता एवं अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# साइबर अपराधों से बचाव के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक

## राजसमंद के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरार में साइबर जागरूकता कार्यक्रम, डिजिटल सतर्कता का दिया संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**राजसमंद ।** जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के निर्देशन तथा पुलिस उप अधीक्षक एवं साइबर पुलिस थाना राजसमंद के थानाधिकारी दुर्गाप्रसाद दाधीच के नेतृत्व में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आमजन में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बरार में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कांस्टेबल डालूराम सालवी ने विद्यार्थियों को डिजिटल अरेस्ट, निवेश ठगी, फर्जी ग्राहक सेवा तथा ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी जैसे साइबर अपराधों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई अज्ञात व्यक्ति स्वयं को पुलिस, सीबीआई, ईडी अथवा किसी अन्य सरकारी अधिकारी के रूप में परिचित कराते हुए वीडियो कॉल या फोन के माध्यम से धनराशि की मांग करे तो तत्काल सतर्क हो जाएं तथा किसी भी परिस्थिति में धनराशि स्थानांतरित नहीं करें।
महिला कांस्टेबल जाह्नवी साहू ने सोशल मीडिया अपराधों, फर्जी प्रोफाइल, खाता हैकिंग, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग एवं फिशिंग लिंक से होने वाले अपराधों के संबंध में विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने नागरिकों से मजबूत पासवर्ड तथा दो-कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करने और किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने की अपील की।
प्रोग्रामर खैरूल वसीम ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित साइबर अपराधों, डीपफेक वीडियो, आवाज की नकल, फर्जी नौकरी तथा लॉटरी के नाम पर होने वाली ठगी के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधी भी ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक के लिए डिजिटल रूप से सतर्क और जागरूक रहना आवश्यक है।
कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों से स्वयं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई, ताकि साइबर अपराध मुक्त एवं सुरक्षित डिजिटल भारत के निर्माण में योगदान दिया जा सके। कार्यक्रम के अंत में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सभी विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

# संपर्क संस्थान का दो दिवसीय रजत जयंती महोत्सव समारोहपूर्वक सम्पन्न

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**मदनगंज-किशनगढ़।** सामाजिक सरोकार, साहित्य, शिक्षा एवं सेवा के क्षेत्र में सक्रिय संपर्क संस्थान का दो दिवसीय राष्ट्रीय रजत जयंती महोत्सव समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। अग्रसेन विहार में आयोजित कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचीं कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से सभागार को काव्यमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग अजमेर के उपनिदेशक भानु प्रताप गुर्जर ने संस्थान के 2001 में किशनगढ़ से शुरू हुए सफर की सराहना करते हुए बालिका शिक्षा, समाज सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को उल्लेखनीय बताया। अग्रवाल समाज संस्था के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप अग्रवाल, वरिष्ठ साहित्यकार सतीश कुमार एवं वरिष्ठ पत्रकार उरूक्रम शर्मा ने भी संस्थान की सामाजिक गतिविधियों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं।
कार्यक्रम में सीमा वालिया, रेनू शब्दमुखर, शिवानी गुप्ता, मीना जोशी, आशा पांडे और डॉ. अक्षिणी भट्ट सहित विभिन्न स्थानों से आईं कवयित्रियों ने श्रावण, नारी संवेदना, प्रकृति, हिंदी भाषा एवं सामाजिक विषयों पर रचनाएं प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। मीना जोशी की 'मरुधरा की पावन धरा से मैं प्रकृति का खूबसूरत तोहफा हूं' पंक्तियों ने विशेष आकर्षण पैदा किया।
इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं ब्लॉगर प्रेम आनंदकर, विमल चौहान, किशनगढ़ प्रेस क्लब अध्यक्ष जसवंत दारा सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार एवं संपर्क संस्थान के सदस्य मौजूद रहे। संस्थान अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अनिल लड्डा ने सभी का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ दो दिवसीय रजत जयंती महोत्सव का विधिवत समापन हुआ।

### अवैध शराब परिवहन के खिलाफ पाटिया पुलिस की कार्रवाई




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** पाटिया थाना पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सेल्टोस कार से राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब व बीयर के 38 कार्टन बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने झांझरी नाल में नाकाबंदी के दौरान कार नंबर GJ18BM5096 को रोककर तलाशी ली। इसमें बीयर के 21 और अंग्रेजी शराब के 17 कार्टन मिले। पुलिस ने शराब व कार जब्त की, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 18 लाख रुपये है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लोकेश (27) निवासी पहाड़ा, उदयपुर तथा जितेश (28) निवासी सेक्टर-9, उदयपुर के रूप में हुई है। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। इस कार्रवाई में पाटिया थानाधिकारी रमेशचन्द्र सहित पुलिस टीम शामिल रही।

### साइबर ठगी पर मध्यप्रदेश पुलिस का बड़ा कदम, अब 25 हजार से e-Zero FIR

**भोपाल@पदमावत मीडिया।** साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के पीड़ितों को त्वरित कानूनी सहायता देने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस ने e-Zero FIR की सीमा 1 लाख से घटाकर 25 हजार रुपये कर दी है। अब 25 हजार रुपये या अधिक की साइबर ठगी पर भी e-Zero FIR दर्ज की जाएगी। 25 दिसंबर 2025 से 31 जुलाई 2026 तक प्रदेश में 4,888 e-Zero FIR दर्ज हो चुकी हैं। व्यवस्था के तहत ठगी की राशि को समय रहते होल्ड कराने और डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण में मदद मिलती है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि साइबर ठगी होने पर बिना देरी किए 1930 पर शिकायत करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर सूचना दें। शुरुआती समय में शिकायत करने से ठगी की राशि को होल्ड कराने की संभावना बढ़ जाती है।

### यूथ फॉर नेशन की बैठक में कई प्रस्ताव पारित, राजीव पारीक बने प्रवक्ता



संवाददाता : माणकमल भंडारी

**भीनमाल@पदमावत मीडिया।** यूथ फॉर नेशन संस्था की बैठक अध्यक्ष किशोर सांखला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संस्था की आगामी गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। संस्था के निवर्तमान मीडिया प्रभारी ललित होण्डा ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता और बाल गोपाल कृष्ण प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आयोजन की जिम्मेदारी श्रवण सोनगरा, डॉ. धनराज परमार, निकेश नागर और प्रवीण सेन को सौंपी गई।
बैठक में दिलीपसिंह चौहान और करण बंजारा की ओर से किए जा रहे सामाजिक कार्यों को देखते हुए उन्हें रक्तदान प्रभारी बनाया गया। वहीं कोषाध्यक्ष पृथ्वीराज फुलवरिया ने राजीव पारीक को संस्था का प्रवक्ता बनाए जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।
बैठक में संस्था के आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव भी दिए। संगठन की गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को गति देने पर चर्चा हुई। बैठक में दिनेश जोशी, रघुनंदन पारीक, प्रशांत त्रिवेदी, कुलदीपसिंह, जगदीश वैष्णव, प्रवीण फुलवरिया, प्रदीप नागर, साहिलसिंह राव, अरविंद महेश्वरी, मनीष पटेल, महेंद्र फुलवरिया, नरेंद्रसिंह, प्रवीण सेन, संजय सुखाड़िया, श्रवण सोनगरा, श्रवण चौहान, उम्मेंद जोशी सहित संस्था के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### किशोर कुमार के नगमों से सजी सुरमयी शाम




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** संगीत को समर्पित सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप का अगस्त माह का कार्यक्रम हरफनमौला गायक किशोर कुमार को समर्पित रहा। किशोर कुमार के 97वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में 16 सदस्यों ने उनके अलग-अलग अंदाज के 32 सदाबहार गीत प्रस्तुत कर सुरों के माध्यम से उन्हें याद किया। ग्रुप की संयोजिका वीनू वैष्णव ने बताया कि 'ईना मीना डीका' थीम पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत किशोर कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर ईश वंदना से हुई। इसके बाद ग्रुप के सदस्यों ने किशोर कुमार के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुतियां देकर माहौल को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में नयनेश दवे, चंद्र प्रकाश गंधर्व, वीनू वैष्णव, विनोद कल्याणा, सुरेंद्र दक, दिलीप कुमार वर्मा, पवन शर्मा, ओम प्रकाश भट्ट, सुरेंद्र दत्त व्यास, ओम टांक, अनीता वैरागी, सुशील वैष्णव, सुधीर माथुर, मलय चक्रवर्ती, कमलेश कुमावत एवं संतोष श्रीवास्तव ने विभिन्न गीत प्रस्तुत किए। इंदौर से आए अतिथि सतीश चतुर्वेदी ने भी प्रस्तुति देकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम संयोजक चंद्र प्रकाश गंधर्व ने बताया कि सभी सदस्यों ने किशोर कुमार के अलग-अलग मूड के गीतों के माध्यम से उन्हें स्वरांजलि दी। कार्यक्रम के अंत में अगस्त माह में जन्मदिन होने पर कमलेश कुमावत का केक काटकर अभिनंदन किया गया। उन्हें सर्वश्रेष्ठ गायक का सम्मान उपरना एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में गीतों के ट्रैक एवं ध्वनि नियंत्रण वीनू वैष्णव, वीडियो रिकॉर्डिंग विनोद कल्याणा तथा संचालन चंद्र प्रकाश गंधर्व ने किया।

### टूरिज्म इन ट्राइबल्स से आदिवासी अंचल को मिलेगी नई पहचान



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार आदिवासी क्षेत्रों को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने के लिए ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट और महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित कर रही है। आदिवासी क्षेत्रों में 306 करोड़ रुपये से अधिक की पर्यटन परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।
ट्राइबल टूरिज्म सर्किट में डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम, बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम, प्रतापगढ़ के सीतामाता अभयारण्य, उदयपुर के ऋषभदेव सहित प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल शामिल किए गए हैं। वहीं महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट में चावंड, हल्दीघाटी, गोगुंदा, कुंभलगढ़, दिवेर और उदयपुर को जोड़ा जाएगा। आदिवासी कला, हस्तशिल्प और लोक परंपराओं के संरक्षण के साथ स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य पर्यटन के माध्यम से स्थानीय रोजगार बढ़ाने और आदिवासी समाज की आर्थिक स्थिति मजबूत करना है।

### राजसमंद में निकली भव्य तिरंगा वाहन रैली, देशभक्ति के गीतों से गूंजा शहर



**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को जिला मुख्यालय पर भव्य तिरंगा वाहन रैली निकाली गई। कृषि उपज मंडी से शुरू हुई रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारीक एवं उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पुलिसकर्मियों के साथ बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। ट्रैक्टर, ऑटो, मोटरसाइकिल और कारों पर तिरंगा शान से लहराता नजर आया। देशभक्ति के गीतों और नारों से पूरा मार्ग राष्ट्रप्रेम से गूंज उठा। शहरवासियों में भी रैली को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। कृषि उपज मंडी से विभिन्न मार्गों से होते हुए रैली महाराणा प्रताप उद्यान पहुंची, जहां समापन हुआ। इस दौरान लोगों ने हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वतंत्रता दिवस पर घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संकल्प लिया। रैली में पुलिस उपाधीक्षक नेत्रपाल सिंह, जिला खेल अधिकारी धर्मदेव सिंह, आरके जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. रमेश रजक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### झूलेलाल युवा संघ का 'स्नेह मिलन 2026' उत्साह के साथ संपन्न



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** पिछले 26 वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय झूलेलाल युवा संघ की ओर से डिकली स्थित निजी रिसोर्ट में 'स्नेह मिलन 2026' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आपसी मेलजोल एवं भाईचारे को मजबूत करने के साथ आगामी सेवा कार्यों पर चर्चा की। संस्थापक गिरीश राजानी ने बताया कि कार्यक्रम में संगीत, नृत्य, अंताक्षरी, क्रिकेट, स्विमिंग पूल सहित विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। सदस्यों ने संगठन की आगामी सामाजिक गतिविधियों को लेकर सुझाव दिए और युवाओं की अधिकाधिक सहभागिता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि झूलेलाल युवा संघ पिछले 26 वर्षों से विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय है। कार्यक्रम में जितेंद्र वाधवानी, मनोज तलरेजा, गौरव हसीजा, सुरेश वाधवानी, कैलाश तलरेजा सहित संगठन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी ने एकजुट होकर समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### खेलगांव में उत्साह के साथ मना विश्व आदिवासी दिवस



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** महाराणा प्रताप खेलगांव में राजस्थान लेक्रोज संघ एवं उदयपुर जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस दौरान जनजाति क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए विभिन्न आयु वर्गों में लेक्रोज मुकाबले आयोजित हुए। खिलाड़ियों ने खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजाति क्षेत्र के युवाओं को खेलों से जोड़ना और उन्हें सकारात्मक दिशा देना रहा। संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने तथा नशे, बाल विवाह और अन्य सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों एवं उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। समापन पर खिलाड़ियों को पारितोषिक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जनजाति क्षेत्र विकास विभाग, खेल विभाग के अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## खबर संक्षिप्त

### आरयूआईडीपी के पांचवें चरण के अंतर्गत बगरू शहर में प्रस्तावित कार्यों पर संवाद बैठक 11 अगस्त को

**जयपुर@पदमावत मीडिया।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के पांचवें चरण के अंतर्गत बगरू शहर में लगभग 6.51 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित कार्यों के संबंध में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ संवाद हेतु 'आरयूआईडीपी संवाद' कंसल्टेशन मीटिंग का आयोजन 11 अगस्त 2026 को नगर पालिका बगरू के सभागार में किया जाएगा। यह बैठक उपखंड अधिकारी विकास प्रजापत की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी।

### जनजाति आवासीय विद्यालय में जीवन कौशल प्रशिक्षण शुरू

**सलूंबर@पदमावत मीडिया।** जनजाति आवासीय विद्यालय में सोमवार से दो दिवसीय 'नवादि जीवन कौशल' शिक्षक प्रशिक्षण शुरू हुआ। इसमें जिले के 25 जनजाति छात्रावासों के 26 अधीक्षक एवं शिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, आत्मसम्मान, स्व-जागरूकता और सामाजिक कौशल विकसित करने के लिए गतिविधियों एवं व्यावहारिक अभ्यासों की जानकारी दी जा रही है।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम तय

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** नगर निकाय आम चुनाव-2026 की तैयारियों के तहत निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। 13 अगस्त को दीनदयाल सभागार में सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर का प्रशिक्षण होगा। 18 अगस्त को ईवीएम कमिशनिंग तथा 19 अगस्त को ईवीएम-एमटी एवं डीएलएमटी/बीएलएमटी का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर कार्मिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### हत्या का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** सविना थाना पुलिस ने नागौर निवासी युवक की धारदार हथियार से हत्या के मामले में आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। आरोपी को तितरड़ी स्थित ठाकुरेश्वर महादेव मंदिर के सामने से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार निर्माणाधीन मकान में काम करने वाले हेमाराम ने आरोपी अन्ना सिंह के अपनी पत्नी से विवाद के दौरान बीच-बचाव किया था। इसी बात से नाराज आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर हेमाराम की हत्या कर दी और फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी अन्ना सिंह (23) निवासी रूणारेल चौनपुरा, आसींद, भीलवाड़ा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया है। इस कार्रवाई में सविना थानाधिकारी दलबीर सिंह सहित पुलिस टीम शामिल रही।

### खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** जिला रसद अधिकारी मणि खींची की अध्यक्षता में सोमवार को खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति की बैठक हुई। इसमें सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, उचित मूल्य दुकानों के संचालन एवं खाद्य सुरक्षा योजना की समीक्षा की गई। बैठक में उचित मूल्य दुकानों को नियमित खोलने और पात्र लाभार्थियों को समय पर राशन उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। बताया गया कि नवंबर 2024 से 10 अगस्त 2026 तक प्राप्त 30,398 आवेदनों में से 21,822 पात्र आवेदकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया है। सदस्यों ने उचित मूल्य दुकानों पर सतर्कता समिति के सदस्यों के नाम एवं संपर्क नंबर प्रदर्शित करने का सुझाव दिया। अपात्र परिवारों के नाम हटाने, शिकायतों की जांच तथा दुकानों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई।

# राजस्थान पुलिस का विशेष अभियान: 20 दिन में 1,624 हार्डकोर अपराधी गिरफ्तार

## नशा तस्करों, साइबर अपराधियों और अवैध हथियार रखने वालों पर भी कार्रवाई, यातायात नियम तोड़ने वालों पर 2.32 लाख से अधिक कार्रवाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राजस्थान पुलिस की ओर से प्रदेशभर में चलाए जा रहे एक माह के विशेष अभियान में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में सभी पुलिस रेंज और पुलिस आयुक्तालयों में एक साथ संचालित अभियान के दौरान पिछले 20 दिनों में हार्डकोर अपराधियों, मादक पदार्थ तस्करों, साइबर अपराधियों, अवैध हथियार रखने वालों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की गई है।

अभियान के दौरान प्रदेश में 2,067 हार्डकोर अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ 2,085 कार्रवाई की गई। इनमें 1,624 हार्डकोर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर निरोधात्मक कार्रवाई भी की गई, जिससे आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिली।

**848 एनडीपीएस मामलों में 1,158 आरोपी गिरफ्तार**

नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 848 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज किए और 1,158 आरोपियों को गिरफ्तार किया। अभियान के दौरान विभिन्न रेंज में मादक पदार्थों की बरामदगी के साथ तस्करी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई की गई। वाणिज्यिक मात्रा में मादक पदार्थों की तस्करी और बड़े तस्करों के खिलाफ भी विशेष कार्रवाई की गई। अवैध हथियारों से जुड़े 319 प्रकरण दर्ज कर 396 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार अवैध खनन के खिलाफ 650 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारियां की गईं।

**साइबर अपराध पर भी कसा शिकंजा**

साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 624 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। साइबर अपराधियों से संबंधित 8 करोड़ 24 लाख 15 हजार 336 रुपये की राशि होल्ड कराई गई, जबकि 2 करोड़ 91 लाख 63 हजार 333 रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए गए। साइबर हॉटस्पॉट की निगरानी, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर और अपराध नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई भी लगातार जारी है।

**9,663 स्थानों पर नाकाबंदी, 7 लाख से अधिक वाहनों की जांच**

राज्यभर में व्यापक नाकाबंदी कर 9,663 स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 7 लाख 4 हजार 594 वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत 2 लाख 32 हजार 58 कार्रवाई की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 16,874, बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 1 लाख 74 हजार 904, बिना सीट बेल्ट के 13,832, काली फिल्म का इस्तेमाल करने वाले 12,241 और ओवरलोड वाहनों के 19,213 मामलों में कार्रवाई की गई। अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन से जुड़े 2 लाख 59 हजार 806 प्रकरणों में भी कार्रवाई की गई। तेज गति से वाहन चलाने पर 1 लाख 13 हजार 651 तथा बीएनएस की धारा 170 के तहत 10,226 मामलों में कार्रवाई की गई।

**महिला सुरक्षा और जनभागीदारी पर जोर**

महिला सुरक्षा को अभियान की प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए 2,835 मामलों में प्रभावी कार्रवाई की गई। इसके साथ ही 7,545 स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाए गए। पुलिस और आमजन के बीच संवाद तथा विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 1,060 सामुदायिक संपर्क समूह बैठकों का आयोजन किया गया। इनमें स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख लोगों के साथ कानून-व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

**रेंज स्तर पर भी व्यापक कार्रवाई**

अभियान के दौरान अजमेर रेंज ने हार्डकोर अपराधियों के खिलाफ 841 कार्रवाई करते हुए 609 अपराधियों को गिरफ्तार किया। उदयपुर रेंज ने 316, जयपुर आयुक्तालय ने 206 और भरतपुर रेंज ने 205 हार्डकोर अपराधियों को गिरफ्तार किया।

बीकानेर रेंज ने 206 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज कर 273 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। भरतपुर रेंज ने अवैध हथियारों के खिलाफ 95 कार्रवाई की। बीकानेर रेंज ने महिला सुरक्षा से जुड़े 703 प्रकरण दर्ज किए। जयपुर रेंज ने साइबर अपराध के 139 प्रकरण दर्ज कर 158 आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं बीकानेर रेंज ने बीएनएस की धारा 170 के तहत 2,464 कार्रवाई की।

**अपराध के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा**

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि राजस्थान पुलिस राज्य सरकार की अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप कानून-व्यवस्था बनाए रखने और संगठित अपराध, नशा तस्करी, साइबर अपराध तथा महिला अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे अपराधियों में कानून का भय और आमजन में सुरक्षा का विश्वास और मज़बूत हो सके।











# हरियालो राजस्थान अभियान के तहत नाई थाना परिसर में हुआ वृक्षारोपण

## महिला सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक, घरेलू हिंसा, बाल विवाह और साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** हरियालो राजस्थान अभियान के तहत सोमवार को पुलिस थाना नाई परिसर में वृक्षारोपण एवं महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला अधिकारिता विभाग के सहयोग से जतन संस्थान की ओर से संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र नाई के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों, केंद्र के कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की काउंसलर संगीता पालीवाल, कांस्टेबल महेंद्र, कांस्टेबल केसुलाल कुमावत, कांस्टेबल रवि कुमार सहित पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



पुलिस थाने के एएसआई अमीन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ महिला सुरक्षा भी प्राथमिकता है। हरियालो राजस्थान अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि सुरक्षित और स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प भी है। उन्होंने उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प दिलाया।

महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की कार्यकर्ता अनिता प्रजापत ने ग्रामीणों को घरेलू हिंसा, दहेज, बाल विवाह और साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन के बारे में भी जागरूक किया और जरूरत पड़ने पर सहायता लेने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने तथा महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।



### राष्ट्रीय अस्मिता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है तिरंगा : केवलिया



**बीकानेर@पदमावत मीडिया।** राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से सोमवार को 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत दुपहिया वाहन रैली निकाली गई। रैली में शामिल अकादमी कार्मिकों व युवाओं ने आमजन को अपने घरों, प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अकादमी सचिव शरद केवलिया ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के तीन रंग व अशोक चक्र हमें साहस, बलिदान, सत्य, शांति, समृद्धि व निरंतर प्रगतिशीलता का संदेश देते हैं। तिरंगा हमें स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, बलिदान की याद दिलाता है। प्रत्येक भारतीय के लिए तिरंगे का सम्मान करना पुनीत कर्त्तव्य है। रैली में डॉ. महेश सहारण, श्रीनिवास थानवी, सुरेश व्यास, अंजली टाक, सृष्टि मारू, कानसिंह, मनोज मोदी, रामगोपाल मारू, रवीना जाट, वेदिका जाट, अनुराधा पाठक, अर्चना पारीक, रेणु पारीक, शशि सुथार, मुस्कान स्वामी, राधेश्याम कुम्हार, ऋषभ जाट, प्रहलाद सुथार, योगेश स्वामी आदि शामिल हुए।

### अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई, 8 हजार रुपये कैरिंग चार्ज वसूला




**जयपुर@पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 केन्टर सामान जब्त किया और 8 हजार रुपये कैरिंग चार्ज वसूल किया। उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में गौरव टावर के सामने, एयरपोर्ट रोड से तरूछाया नगर टोंक रोड तथा स्वर्णपथ मध्यम मार्ग पर यातायात पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। जब्त सामान को निगम के गोदाम में भिजवाया गया। अतिक्रमणकारियों को भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी गई।

### खनन विशेषज्ञ हरिहर वी. पालीवाल को विज्ञान समिति ने दी श्रद्धांजलि



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** हिन्दुस्तान जिंक के पूर्व निदेशक एवं विज्ञान समिति के पूर्व अध्यक्ष हरिहर वी. पालीवाल की स्मृति में विज्ञान समिति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। परिवारजनों एवं समिति सदस्यों ने उनके व्यक्तित्व और कार्यों को याद करते हुए ईमानदारी, मेहनत और प्रतिबद्धता के गुण अपनाने का संकल्प लिया।

डॉ. एल.एल. धाकड़ ने जीवन परिचय प्रस्तुत किया, जबकि रणजीत चौधरी, एस.सी.के. वेद, अरुण कोठारी एवं डॉ. के.एल. तोतावत ने संस्मरण साझा किए। अध्यक्षता डॉ. के.एल. कोठारी ने की और संचालन डॉ. आर.के. गर्ग ने किया। गीता सिंह ने भजन प्रस्तुत किए। उनकी स्मृति में समिति परिसर में सहजन का पौधा लगाया गया।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



**प्रतापगढ़@पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर विजयेश कुमार पंड्या की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं, विकास कार्यों, बजट घोषणाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जाए। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने तथा देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रभावी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर में आमजन को मिली राहत



**डूंगरपुर@पदमावत मीडिया।** ग्राम पंचायत पारड़ा मेहता में सोमवार को ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने मौके पर ही पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया और कई प्रकरणों का निस्तारण किया। राजस्व विभाग ने 4 नाम शुद्धिकरण, 4 नामांतरण प्रकरणों का निस्तारण कर 3 जाति प्रमाण-पत्र जारी किए। पंचायती राज विभाग ने 2 जन्म प्रमाण-पत्र, 1 मृत्यु प्रमाण-पत्र और 1 आवासीय पट्टा जारी किया। परिवहन विभाग ने 4 लाभार्थियों के वरिष्ठ नागरिक कार्ड मौके पर बनाए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के आवेदन करवाए। कृषि विभाग ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा पशुपालन विभाग ने मुख्यमंत्री पशु बीमा, मौसमी टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं मंगला पशु बीमा योजना की जानकारी दी। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### श्रावण मास में शिव साधना से भक्तिमय हुआ कानोड़

संवाददाता : दीपक शर्मा



**कानोड़@पदमावत मीडिया।** पवित्र श्रावण मास के दौरान नगर पालिका क्षेत्र और आसपास के शिव मंदिरों में शिव साधना का दौर जारी है। नगर के ब्रह्मपुरी स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर में चौबीसा समाज के महिला-पुरुष और युवा प्रतिदिन रात्रि में सामूहिक रूप से शिव महिम्न स्तोत्र का पाठ कर भगवान शिव की आराधना कर रहे हैं।

चौबीसा समाज के प्रबुद्धजनों की ओर से वर्षों से चली आ रही यह धार्मिक परंपरा आज भी निरंतर जारी है। वर्षभर प्रत्येक रविवार शाम को गायत्री साधना, शिव महिम्न स्तोत्र और शक्रादर स्तुति का पाठ किया जाता है, जबकि श्रावण मास में यही धार्मिक आयोजन पूरे महीने नियमित रूप से चलता है। मंदिर में पुजारी की ओर से प्रतिदिन पार्थिव शिव पूजा भी की जाती है। इसके दर्शन और पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। सुबह और शाम मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर जलाभिषेक एवं पंचामृत अभिषेक कर श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना कर रहे हैं।

श्रावण मास में मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। नियमित पूजा-अर्चना और सामूहिक शिव साधना के चलते श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

### गरिमा और राष्ट्रभक्ति के साथ मनेगा स्वतंत्रता दिवस



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से समारोह से जुड़ी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड, पूर्वाभ्यास, सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, विद्युत, सजावट एवं बैठक व्यवस्था की समीक्षा की गई। एडीएम सिटी ने मुख्य समारोह को सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर जोर दिया।

**प्रशासन-मीडिया के बीच होगा मैत्री वॉलीबॉल मैच**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रशासन और मीडिया टीम के बीच मैत्री वॉलीबॉल मैच आयोजित किया जाएगा। इसकी व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह, नगर निगम उपायुक्त नरेश सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षिप्त

### पंचायत-नगर निकाय चुनाव की तैयारियों की जिला कलेक्टर ने की समीक्षा



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** पंचायत एवं नगर निकाय निर्वाचन-2026 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्वाचन संबंधी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रशिक्षण, कार्मिक, मतदान केंद्र, कानून-व्यवस्था, ईवीएम, चुनाव सामग्री, वाहन, मतगणना, स्वीप एवं मीडिया सहित विभिन्न प्रकोष्ठों की तैयारियों की जानकारी ली गई। जिला कलेक्टर ने संवेदनशील एवं क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है। निर्वाचन कार्य में लापरवाही नहीं बरतने तथा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### नगरीय निकाय चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**भीलवाड़ा@पदमावत मीडिया।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) जसमीत सिंह संधू ने जिले के नगरीय निकायों के आगामी आम चुनाव के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है। नगर निगम भीलवाड़ा के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) को रिटर्निंग अधिकारी तथा संबंधित अधिकारियों को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं आसींद, हमीरगढ़, बनेड़ा, शाहपुरा, जहाजपुर, मांडलगढ़, बिजौलिया, बीगोद, गंगापुर एवं गुलाबपुरा नगर पालिकाओं के लिए भी संबंधित अधिकारियों को रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### जिला कलेक्टर ने जलदाय, विद्युत एवं चिकित्सा विभाग की ली समीक्षा बैठक



**भीलवाड़ा@पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने सोमवार को जलदाय, विद्युत एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों एवं आमजन से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा की। उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा संस्थानों में पर्याप्त व्यवस्थाएं रखने और जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को झूलते तारों सहित अन्य समस्याओं का तत्काल समाधान कर निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। जलदाय विभाग को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नियमित पेयजल वितरण तथा शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही जल जीवन मिशन के कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पूरा करने पर जोर दिया। बैठक में एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता ओपी खटोड़, सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा, पीएचईडी प्रोजेक्ट के अधीक्षण अभियंता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### धन-संपत्ति के मोह से रिश्तों में बढ़ रही दरारें : साध्वीश्री वसुधा



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** श्री वर्धमान पुष्कर गुरु ध्यान केंद्र दूधिया गणेश जी में सोमवार को दैनिक प्रवचन माला आयोजित हुई। तप रत्नेश्वरी साध्वीश्री वसुधा म.सा. ने कहा कि धन और संपत्ति के मोह के कारण रिश्तों में तनाव और दूरियां बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि रिश्ते अब नोटों की तरह आसानी से टूटते नजर आ रहे हैं। साध्वीश्री ने कहा कि व्यापार में कुछ हद तक अनैतिकता को सहन किया जा सकता है, लेकिन मूल्यों से समझौता नहीं होना चाहिए। अनैतिक तरीके से अर्जित संपत्ति को समाजहित और जीवदया में खर्च कर सकारात्मक कार्यों में लगाया जाना चाहिए। इस अवसर पर महावीर महिला मंडल एवं जैन कन्या मंडल का गठन किया गया, जो प्रत्येक रविवार को सामयिक दिवस के रूप में मनाएगा। साध्वीश्री वसुधा ने एक दिन किसी भी प्रकार के आचार का उपयोग नहीं करने का प्रत्याख्यान भी करवाया। प्रवचन में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

### आयुर्वेद वैज्ञानिक संगोष्ठी में पारंपरिक चिकित्सा पर चर्चा

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** आयुर्वेद सहयोग समिति, उदयपुर के तत्वावधान में गोकुल विलेज में आयुर्वेद वैज्ञानिक संगोष्ठी आयोजित हुई। समिति के डॉ. मनोज भटनागर ने भारतीय ज्ञान परंपरा में आयुर्वेद के पारंपरिक विकास पर विचार रखे। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. योगेश्वर चौबीस ने कब्ज के कारण एवं उपचार, जबकि वैद्य नरेंद्र कुमार महात्मा ने विभिन्न आयुर्वेदिक प्रयोगों एवं अनुभूत उपचार पद्धतियों पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में आयुर्वेद विभाग के पूर्व अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने भी भाग लिया। अंत में जड़ी-बूटी विशेषज्ञ डॉ. सुंदरलाल पालीवाल ने रक्तरोधक वनस्पति का परिचय देते हुए उसके गुणों की जानकारी दी। संगोष्ठी का संयोजन डॉ. नंदराम त्रिवेदी ने किया।

# अरावली संरक्षण पर हितधारकों का व्यापक मंथन, विकास के साथ प्रकृति और स्थानीय आजीविका के संतुलन पर जोर

## वैध खनन और अवैध खनन में स्पष्ट अंतर, बंद खदानों के पुनर्विकास, जैव विविधता संरक्षण और पशुपालकों के हितों को लेकर समिति के समक्ष रखे सुझाव

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण और सतत विकास को लेकर सोमवार को जिला परिषद सभागार में व्यापक जन संवाद आयोजित किया गया। उच्चतम न्यायालय के निर्देशन में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद की महानिदेशक कंचन देवी की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने जनप्रतिनिधियों, खनन पट्टा धारकों, स्वयंसेवी संगठनों, पर्यावरणविदों, पशुपालकों और अन्य हितधारकों के साथ अरावली संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। जन संवाद में हितधारकों ने अरावली के पर्यावरणीय, ऐतिहासिक, सामाजिक और आर्थिक महत्व को रेखांकित करते हुए संरक्षण के लिए प्रभावी और व्यावहारिक व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता बताई। साथ ही यह भी कहा गया कि अरावली संरक्षण की नीतियां तैयार करते समय स्थानीय समुदायों की आजीविका, रोजगार, पशुपालन और क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े पहलुओं को भी समान रूप से ध्यान में रखा जाना चाहिए।

**अरावली हमारी प्राकृतिक और ऐतिहासिक धरोहर : विधायक जैन**

उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि अरावली केवल प्राकृतिक संपदा नहीं, बल्कि क्षेत्र की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर भी है। इसका संरक्षण बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अरावली के लगभग एक प्रतिशत क्षेत्र में वैध रूप से खनन गतिविधियां संचालित हो रही हैं, जिससे सरकार को 6,500 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हो रहा है और हजारों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वैध गतिविधियों और अवैध खनन के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना चाहिए। अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, वहीं वैध गतिविधियों से जुड़े स्थानीय हितों को भी संरक्षण की प्रक्रिया में ध्यान में रखा जाना आवश्यक है।

**खनन प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान जरूरी : विधायक मीणा**

उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को संरक्षण प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि लंबे समय से बंद पड़ी खदानों का उपयोग हरियाली विकास और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बंद खदानों के पुनर्विकास से अनुपयोगी क्षेत्रों को फिर से उपयोगी बनाया जा सकेगा और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।

**अरावली सभ्यता, संस्कृति और इतिहास का हिस्सा : विधायक मेवाड़**

मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य एवं नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने अरावली के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला क्षेत्र की सभ्यता, संस्कृति और इतिहास से गहराई से जुड़ी हुई है। इसलिए इसके संरक्षण के लिए ठोस, प्रभावी और दीर्घकालिक कदम उठाए जाने चाहिए।

पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल ने अरावली क्षेत्र में रेत के अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि अरावली का संरक्षण किसी एक विभाग या संस्था के प्रयास से संभव नहीं है। इसके लिए सरकार, स्थानीय समुदाय, जनप्रतिनिधियों, पर्यावरणविदों और सभी संबंधित हितधारकों को मिलकर काम करना होगा।

**फ्लोरा-फौना और जैव विविधता संरक्षण पर भी जोर**

जन संवाद में अरावली क्षेत्र की जैव विविधता, वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के संरक्षण पर भी व्यापक चर्चा हुई। पशुपालन से जुड़े लोगों ने अरावली क्षेत्र में अपने सामने आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और चिंताओं से समिति को अवगत कराया।

हितधारकों ने कहा कि अरावली संरक्षण से जुड़ी नीतियां बनाते समय स्थानीय पारिस्थितिकी के साथ उन समुदायों की आवश्यकताओं को भी समझना जरूरी है, जो लंबे समय से इस क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं।

**विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन पर सहमति**

संवाद में यह बात प्रमुखता से सामने आई कि विकास और पर्यावरण संरक्षण को एक-दूसरे के विरोधी के रूप में देखने के बजाय दोनों के बीच संतुलन स्थापित करने की आवश्यकता है। हितधारकों ने ऐसा व्यावहारिक तंत्र विकसित करने का सुझाव दिया, जिसमें प्रकृति संरक्षण के साथ स्थानीय लोगों की आजीविका और रोजगार के अवसर भी सुरक्षित रहें।

कुछ हितधारकों ने बताया कि जनजातीय बहुल क्षेत्रों में वैध खनन गतिविधियों से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं और इससे लोगों के पलायन को रोकने में भी मदद मिली है। उन्होंने क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अरावली संरक्षण से जुड़ी नीतियां तैयार करने की आवश्यकता जताई।

**स्थानीय परिस्थितियों को भी संरक्षण की व्याख्या में शामिल करने का सुझाव**

हितधारकों ने समिति के समक्ष सुझाव रखा कि अरावली संरक्षण की व्याख्या केवल न्यायिक दृष्टिकोण तक सीमित न रहकर स्थानीय परिस्थितियों, पर्यावरणीय आवश्यकताओं, ऐतिहासिक महत्व और स्थानीय आजीविका के पहलुओं को भी समाहित करने वाली होनी चाहिए।

जन संवाद के दौरान अरावली संरक्षण से जुड़े तकनीकी, पर्यावरणीय, भूवैज्ञानिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहलुओं पर समिति को विभिन्न सुझाव प्राप्त हुए। वैध खनन गतिविधियों, अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई, बंद खदानों के पुनर्विकास, वनस्पति एवं जीव-जंतुओं के संरक्षण तथा स्थानीय समुदायों के हितों को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

इस अवसर पर समिति सदस्य एवं भारतीय वन सर्वेक्षण के पूर्व महानिदेशक डॉ. सुभाष आशुतोष, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के पूर्व निदेशक डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा, पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व संयुक्त सचिव बृज मोहन सिंह राठौड़ सहित समिति के अन्य सदस्य, प्रधान मुख्य वन संरक्षक टेरिटोरियल एस.आर. यादव, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा उदयपुर सहित विभिन्न जिलों से आए बड़ी संख्या में हितधारक मौजूद रहे।

## समन्वित तलाशी अभियान में म्यांमार के दो फरार नागरिक गिरफ्तार

- 25-26 जुलाई की रात प्रथरापुर स्थित खुले निरोध शिविर से हुए थे फरार, दक्षिण अंडमान पुलिस और भारतीय रिजर्व बटालियन ने संयुक्त कार्रवाई में पकड़ा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**श्री विजयपुरम।** अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने समन्वित एवं व्यापक तलाशी अभियान चलाकर म्यांमार के दो नागरिकों वाई फ्यो और एय टुन को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों 25-26 जुलाई 2026 की मध्यरात्रि को प्रथरापुर स्थित ओपन डिस्ट्रेस कैंप (ओडीसी) से फरार हो गए थे।

दोनों के फरार होने की सूचना मिलते ही अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने तत्काल व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस की विभिन्न टीमों ने प्रथरापुर और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया। फरार व्यक्तियों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस के उपलब्ध संसाधनों को पूरी तरह लगाया गया तथा विभिन्न टीमें चौबीसों घंटे अभियान में जुटी रहीं।

लगातार प्रयासों के बाद दक्षिण अंडमान जिला पुलिस और भारतीय रिजर्व बटालियन (आईआरबीएन) की समन्वित कार्रवाई से दोनों फरार नागरिकों को पकड़ने में सफलता मिली। स्थानीय नागरिकों की सूचना और सहयोग ने भी अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रथापुर, बेओदनाबाद, बर्मनल्लाह और चिड़ियाटापू क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई।

अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने तलाशी अभियान में सहयोग करने वाली सभी एजेंसियों और आम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। पुलिस ने कहा कि यह सफलता समन्वित पुलिसिंग और सामुदायिक भागीदारी के महत्व को दर्शाती है। तलाशी अभियान में सहयोग करने वाले आम नागरिकों को उचित नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

पूरे तलाशी अभियान की निगरानी निरीक्षक समसुद्दीन, थाना प्रभारी, थाना पहाड़गांव ने दीपेंद्र कुमार आर. सिंह, डीएएनआईपीएस, उपमंडल पुलिस अधिकारी, दक्षिण अंडमान के निर्देशन में की। दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपने क्षेत्राधिकार में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

## संपर्क पोर्टल की समीक्षा, कलेक्टर ने दिए त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश



**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा ने सीपी ग्राम्स एवं संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवेदनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का तथ्यात्मक परीक्षण कर परिवादी को वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए। बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अनावश्यक रूप से शिकायतों को लंबित नहीं रखने तथा नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल प्रकरणों की संख्या कम करना लक्ष्य नहीं हो, बल्कि निस्तारण की गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाए। बार-बार आने वाली शिकायतों के मूल कारणों की पहचान कर स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। कलेक्टर ने सभी विभागों को लंबित प्रकरणों की प्रतिदिन समीक्षा कर प्राथमिकता से निस्तारण करने तथा शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही बरतने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम नरेश बुनकर, एएसपी महेंद्र पारीक सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## घाटा वाला माता मंदिर परिसर में 42वां निःशुल्क योग शिविर संपन्न



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** पतंजलि योग परिवार की ओर से घाटा वाला माता मंदिर परिसर में 42वां निःशुल्क योग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में योगाचार्य मांगीलाल जेलिया एवं निहारिका ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगाभ्यास करवाए। नरेश पूर्बिया ने बताया कि शिविर में आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी डॉ. नरेंद्र सनाढ्य ने दी। इस अवसर पर मंदिर विकास समिति के किशोर सिंह देवड़ा, चतर सिंह देवड़ा, निर्भर सिंह देवड़ा एवं इंद्र सिंह देवड़ा ने भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी मोहन सिंह शक्तावत का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# हमने अभद्र भाषा को सुनना कब स्वीकार कर लिया?



मोनिका चौहान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**घर** में किसी बच्चे के मुँह से कोई गलत शब्द निकल जाए, तो हम तुरंत रोकते हैं। समझाते हैं, "ऐसे शब्द नहीं बोलते।" हम चाहते हैं कि बच्चे गुस्से में भी भाषा की मर्यादा रखें।

लेकिन वही बच्चा टीवी पर किसी नेता को दूसरे के लिए अपमानजनक शब्द बोलते सुन सकता है। सोशल मीडिया पर किसी बहस में तर्क से पहले व्यक्तिगत टिप्पणी दिखाई देती है। किसी फिल्म, वेब सीरीज़ या कॉमेडी कार्यक्रम में भी कई बार अभद्र भाषा मनोरंजन का हिस्सा बन जाती है।

एक किशोर की माँ होने के नाते यह विरोधाभास परेशान करता है। हम घर में बच्चों की भाषा पर इतनी सावधानी रखते हैं, लेकिन बाहर की दुनिया उन्हें कैसी भाषा सुना रही है?

हमने ऐसी भाषा को सुनना कब स्वीकार कर लिया?

संसद से लेकर टेलीविजन, सोशल मीडिया और मनोरंजन तक, अभद्र भाषा बार-बार सामने आ रही है। हाल ही में लोकसभा ने तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी को दो महिला सांसदों के प्रति कथित अमर्यादित भाषा के मामले में मानसून सत्र के शेष समय के लिए निलंबित किया।

न्यायपालिका से जुड़े "कॉकरोच" विवाद में मुख्य न्यायाधीश ने बाद में स्पष्ट किया कि टिप्पणी फर्जी डिग्रियों के सहारे पेशे में आए लोगों के संदर्भ में थी, पूरे युवा वर्ग के लिए नहीं। फिर भी वह शब्द सार्वजनिक विमर्श में फैल गया और व्यंग्य तथा विरोध का प्रतीक बन गया। यही भाषा की चिंताजनक ताकत है। शब्द केवल बोले नहीं जाते, वे धीरे-धीरे हमारे सामान्य जीवन में घुलते चले जाते हैं। लेकिन सवाल यह भी है कि ऐसी भाषा इतनी तेजी से फैलती क्यों है?

आज भाषा सिर्फ़ अभिव्यक्ति नहीं रही, वह लोगों का ध्यान खींचने का कारोबार भी बन गई है। जो बात चौंकाती है, काटती है, अपमानित करती है या विवाद पैदा करती है, वह जल्दी दिखाई देती है, जल्दी फैलती है और ज्यादा लोगों तक पहुँचती है।

कई बार अभद्र भाषा बोलने वाला व्यक्ति अपनी बात से ज्यादा अपनी भाषा के कारण चर्चा में आ जाता है। हम वीडियो देखते हैं, क्लिप साझा करते हैं, उस पर बहस करते हैं और अनजाने में उसी भाषा को और बड़ी पहुँच दे देते हैं।

हम केवल दर्शक नहीं हैं। हम उस भाषा को ताकत भी देते हैं।

मनोरंजन की दुनिया भी इससे अलग नहीं है। हाल के एक स्टैंड-अप विवाद में आपत्तिजनक टिप्पणियों वाली क्लिप वायरल हुई, विरोध हुआ और बाद में माफी भी सामने आई।

कई बार किसी कार्यक्रम की चर्चा उसकी प्रतिभा से ज्यादा उसकी भाषा के कारण होने लगती है। तब हमें यह भी देखना चाहिए कि हम किस चीज़ को अपना समय और ध्यान दे रहे हैं। हर वायरल चीज़ को अपना ध्यान देना हमारी मजबूरी नहीं है।

Gen Z की अपनी शैली और शब्द हैं। भाषा का बदलना स्वाभाविक है। समस्या नई भाषा से नहीं है। समस्या तब शुरू होती है, जब असभ्यता को आत्मविश्वास, अपमान को बेबाकी और गाली को "कूल" होने की निशानी समझ लिया जाए।

यूँ तो बच्चा दो-तीन साल में बोलना सीख जाता है। लेकिन क्या बोलना है, कब बोलना है और कितना बोलना है, यह सीखने में पूरी उम्र भी कम पड़ सकती है।

शब्दों का ज्ञान शिक्षा से आता है, लेकिन शब्दों का संयम संस्कार से आता है। और यह संस्कार केवल घर में नहीं बनता। बच्चे यह भी देखते हैं कि किस भाषा से प्रभाव पैदा होता है, किस भाषा पर तालियाँ मिलती हैं और किस भाषा को सबसे ज्यादा अहमियत मिलती है। इसलिए सवाल सिर्फ़ नेताओं या कलाकारों का नहीं, हमारा भी है।

सोशल मीडिया पर कोई अभद्र या आपत्तिजनक सामग्री सामने आए, तो उसे आगे बढ़ाने के बजाय रिपोर्ट करें। उसे लाइक और शेयर करके उसकी पहुँच न बढ़ाएँ। एक व्यक्ति के ऐसा करने से शायद तुरंत कुछ न बदले, लेकिन अगर हम बार-बार ऐसी भाषा को अपनी पहुँच देने से इनकार करें, तो धीरे-धीरे इसका असर जरूर होगा।

और जब हम अपना प्रतिनिधि चुनें, तो यह भी देखें कि असहमति के समय उसकी भाषा कैसी होती है। किसी विचार या नीति का विरोध करने के लिए व्यक्ति के चरित्र, परिवार या निजी जीवन को बहस में घसीटना जरूरी नहीं।

जिस क्षण बहस में विचार पीछे और व्यक्ति आगे आ जाता है, संवाद अपनी गरिमा खोने लगता है।

भाषा केवल शब्दों की धरोहर नहीं है। वह हमारी संस्कृति की विरासत भी है, जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जाती है। शायद इसलिए आज फिर कबीर को याद करने की जरूरत है:

"ऐसी बानी बोलिए, मन का आपा खोय।
औरन को सीतल करै, आपहुँ सीतल होय।"

आज हमारी आवाज़ पहले से कहीं दूर तक जाती है। इसलिए शब्दों की जिम्मेदारी भी बड़ी हो गई है।

सवाल यह है कि हम किस तरह की भाषा को अपने समय, अपने ध्यान और अपनी स्वीकृति से बड़ा बना रहे हैं?

क्योंकि शब्द हवा में खो नहीं जाते। वे धीरे-धीरे संस्कृति में घुलते हैं।

और फिर एक दिन हमें पता चलता है कि जो भाषा कभी हमें चौंकाती थी, वही हमारे सामान्य जीवन का हिस्सा बन चुकी है।

हमारी भाषा कैसी होगी, यह केवल बोलने वाले तय नहीं करेंगे। सुनने वाले भी तय करेंगे।

## अवैध रूप से काटी गई नीम की हरी लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** घासा थाना पुलिस ने अवैध रूप से काटी गई नीम की हरी लकड़ियों के परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लकड़ियों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। पुलिस ने वाहन चालक से लकड़ी के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज और लाइसेंस मांगे, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजत बिश्नोई एवं पुलिस उप अधीक्षक वृत्त मावली चांदमल सिंघारिया के सुपरविजन में घासा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 8 अगस्त 2026 को घासा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान गंधर्व सागर तालाब की पाल के पास सामने से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आती दिखाई दी। संदेह के आधार पर पुलिस ने ट्रैक्टर को रुकवाया। ट्रैक्टर का पंजीयन नंबर RJ 27 RA 9686 पाया गया। पूछताछ में चालक ने अपनी पहचान रूपलाल, उम्र 25 वर्ष, पुत्र उदाजी निवासी खामकी मादड़ी, घासा के रूप में बताई। ट्रैक्टर की ट्रॉली में कटी हुई हरी गीली लकड़ियां भरी हुई थीं। चालक ने पूछताछ में बताया कि ये लकड़ियां नीम के हरे पेड़ों की हैं। पुलिस ने लकड़ी के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज एवं लाइसेंस मांगा, लेकिन चालक कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। वैध दस्तावेज नहीं होने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत मौके पर ही जब्त कर लिया। मामले की अग्रिम कार्रवाई के लिए वन विभाग, उदयपुर को सूचित किया गया है। इस कार्रवाई में घासा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल पृथ्वीराज, जितेंद्र, अनिल, सीताराम तथा चालक कांस्टेबल सुरेश कुमार शामिल रहे।

## तीन माह से फरार जीजा के अपहरण और हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** ओगणा थाना पुलिस ने जीजा के अपहरण और हत्या के मामले में करीब तीन माह से फरार चल रहे वांछित आरोपी को महाराष्ट्र के नासिक से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और तलवार भी बरामद की है। मामले में आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार 29 अप्रैल 2026 को चोखला बारा निवासी वीरमचन्द्र पुत्र भूरीलाल गमेती ने रिपोर्ट दी थी कि रात करीब 9:15 बजे वह घर पर था। इसी दौरान पिंटू के साले करण, सुनील, पंकज, प्रकाश और केशुलाल मोटरसाइकिलों पर तलवार लेकर पिंटू के घर पहुंचे। आरोपियों ने पिंटू को जबरन उठाकर मोटरसाइकिल पर बैठाया और उसका अपहरण कर ले गए। बाद में पिंटू की हत्या कर दी गई।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : पवन मॉगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत-400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। मो. नं. : +91-9594542679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in ( नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।